हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

12 हाईटेक कैमरे से होगी अब कुरुद की निगरानी



14 फार्मासिस्टों के पंजीयन, रोजगार, स्वास्थ्य बीमा व तकनीकी ...



## खबर संक्षेप

### पचपेड़ी के बाबा कुटी धाम में मड़ई आज

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पचपेड़ी के बाबा कुटी धाम में 16 दिसंबर मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सुबह 5 बजे हनुमान महाराज की पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद मड़ई मेला शुरू होगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी बाबा कुटी धाम के पुजारी ईश्वर यादव ने दी है।

### रावनगुड़ा में घासीदास जयंती 18 को

**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में सतनामी समाज के तत्वावधान में 18 दिसम्बर को संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान मोर गंवई के फूल पंथी नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी। रात्रि में जय मां दुर्गा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी (मयारु गंगा) ग्राम साराबोंग जिला नवापारा (ओडिशा) का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देवनारायण लहरे, कमलेश बघेल ने दी।



### डांडेसरा में घासीदास जयंती समारोह 18 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा में 18 दिसम्बर को बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा। दोपहर 2 बजे पंथी नृत्य धौराभाठा कुण्डेल की प्रस्तुति होगी। समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती खुमेश्वरी साहू होंगे। अध्यक्षता उपसरपंच श्रीमती दामिनी चन्द्राकर करेंगी। विशेष अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पंकज जोशी, हरीश साहू होंगे।

### हंचलपुर की मड़ई में होगा पंथी नृत्य 22 को

**कोर्रा(भखारा)।** सतनाम समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हंचलपुर में 22 दिसंबर को मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है। दो बजे ग्राम करेठा का पंथी नृत्य होगा। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए संगी जहुरिया नाचा पार्टी बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम को गति देने लेखचंद चतुर्वेदी, रोहित दिवाकर, हेमलाल दिवाकर, प्रीतम चंदेल, संतोष बंजारे, मानिक लहरिया, गौतम बंजारे समेत अन्य जुटे हैं।

### 23 हजार 727 मतदाता कर चुके हैं स्थायी रूप से पलायन

# ढूंढने से भी नहीं मिले पांच हजार मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में 5 हजार से ज्यादा मतदाताओं का कोई अता-पता नहीं है। कई बार बीएलओ ने इन लोगों को खोजने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। अंत में उनका नाम अनट्रेसेबल सूची में डाल दिया गया है। वहीं करीब 24 हजार मतदाता स्थायी रूप से धमतरी जिले को छोड़कर पलायन कर चुके हैं।

मतदाता सूची को दुरूस्त करने के लिए मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम चल रहा है। पुनरीक्षण के लिए जिले के 753 बीएलओ को 6 लाख 47 हजार 147 मतदाताओं की सूची सौंपी गई थी। बीएलओ ने घर-घर जाकर इन मतदाताओं की खोजबीन की। हैरानी की बात है कि 5 लाख 97 हजार 465 मतदाता ही मिले हैं। इनकी जानकारी डिजिटाइज्ड की जा चुकी है। 49 हजार 601 मतदाता नहीं मिले हैं। इनमें से 15 हजार 430 की मौत हो चुकी है, लेकिन बाकी के मतदाता 34 हजार 171 मतदाता खोजे से भी नहीं मिल रहे हैं। अब एसआईआर की तिथि बढ़ा दी गई है। ऐसे में बीएलओ एक बार फिर इन लोगों को खोजने में जुट गए हैं।



### 181 मतदाताओं की जानकारी डिजिटाइज्ड नहीं

जो मतदाता नहीं मिल रहे हैं, उनमें से अधिकांश तो धमतरी जिला छोड़कर पलायन कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार 23 हजार 727 मतदाता स्थायी रूप से धमतरी छोड़ चुके हैं, जिनके मतदान के लिए वापस आने की कोई उम्मीद नहीं है। वहीं 5 हजार 12 मतदाता गायब है, जिनका कोई अता-पता नहीं है। 5 हजार 251 मतदाता पहले से नामांकित हैं। 181 मतदाता ऐसे हैं, जिनकी अन्य कारणों से जानकारी डिजिटाइज्ड नहीं हो पाई है।

### सबसे ज्यादा अब्सेंट धमतरी ब्लॉक में

विकासखंडवार स्थिति देखें तो धमतरी ब्लॉक में 2 लाख 31 हजार 648 मतदाता हैं, जिनमें से 88.99 प्रतिशत मतदाताओं को ही बीएलओ सत्यापित कर पाए हैं। 3 हजार 14 मतदाता गायब हैं। 12 हजार 651 मतदाता स्थायी रूप से पलायन कर चुके हैं। 7 हजार 416 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। कुरूद ब्लाक में 1 हजार 153 मतदाता गायब हैं। 6 हजार 430 मतदाता स्थायी रूप से पलायन कर चुके हैं। 4 हजार 2 मतदाताओं की मौत हो चुकी है। सिहावा ब्लॉक में 845 मतदाता गायब हैं। 4 हजार 646 मतदाता पलायन कर चुके हैं। 4 हजार 12 मतदाताओं की मौत हो चुकी है।

# गाड़ाडीह में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

- महिला कमाण्डो ने की कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुरूद विकासखंड के ग्राम गाड़ाडीह में अवैध शराब बेचने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ महिला कमाण्डो ने नामजद शिकायत की है।

महिला कमाण्डो घासिन बाई दीवान, सरस्वती ध्रुव, फुलूबाई निषाद, कुंजी निषाद ने बताया कि गांव एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचता है। ग्राम समिति की बैठक में उसे शराब बेचने से कई बार मना किया जा चुका है फिर भी वह अवैध शराब के कारोबार को नहीं छोड़ रहा है। इसकी शिकायत कुरूद थाने में की जा चुकी है। ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं होने से अवैध शराब विक्रेता का मनोबल बढ़ा हुआ है। गांव में शराब मिलने से शराबियों का आतंक बढ़ गया है। इससे हमेशा तनाव का माहौल बना रहता है। महिला कमाण्डो द्वारा शराब बेचने से मना करने पर उसके द्वारा गाली-गलौज की जाती है। खुलेआम शराब बेची जा रही है। महिला कमाण्डो ने शीघ्र कानूनी कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है।



### गाड़ाडीह के नाले में राइस मिल का गंदा पानी

ग्राम विकास समिति गाड़ाडीह के संतोष, छगन, हिरामन, भुनेश्वर ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा है कि एक राइस मिल से निकलने वाले अपशिष्ट एवं जहरीले पानी का बिना कोई उपचार किए नाले में छोड़ा जा रहा है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के पशुओं की निस्तारी भी नाले से होती है। मिल मालिक से चर्चा कर पानी प्रबंधन के लिए ग्रामीण समझाइश दे चुके हैं। फिर भी गंदा पानी नाला में बहाया जा रहा है। ग्राम विकास समिति ने कलेक्टर से मिल प्रबंधक पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

### कोलियारी में 24-25 को साईं कथा अमृत बोध

**धमतरी।** श्री साईं बाबा मंदिर कोलियारी में साईं जन्मोत्सव के अवसर पर 24 एवं 25 दिसंबर को संगीतमय श्री साईं कथा अमृत बोध का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक डॉ दिनेश सोनकर ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक साईं कथा होगी। 4 बजे से 6 बजे तक साईं भंडारा होगा। जो श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो पाएंगे, उनके लिए श्री साईं कथा अमृत बोध का सीधा प्रसारण यूट्यूब के श्रीराम कथा सत्संग चैनल पर किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन श्री साईं बाबा मंदिर कोलियारी धमतरी, श्री साईं मंदिर चिरचाड़बांध (आमगांव) नागपुर, श्री साईं सेवा समिति भखारा, श्री साईं समर्पण समिति अटंग, कुरूद तथा कोलियारी के ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

# नीरजधर बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष



- पांच पद के लिए हुआ मतदान सचिव निर्विरोध चुने गए
- 355 मतदाताओं में से 340 ने किया मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव गहमागहमी के बीच हुआ। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सहसचिव, क्रीड़ा सचिव पद के लिए मतदान हुआ। अध्यक्ष नीरजधर तिवारी, उपाध्यक्ष सचिन जाचक, सहसचिव तल्लीनपुरी गोस्वामी, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव पीयूष देवांगन निर्वाचित हुए। ज्ञात हो कि सचिव पद के लिए भीखमलाल सिन्हा निर्विरोध चुने गए हैं।

जिला न्यायालय के परिसर में आयोजित अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नीरजधर तिवारी तथा दानीराम साहू के बीच सीधा मुकाबला हुआ। नीरजधर तिवारी को 193 तथा दानीराम साहू को 147 मत प्राप्त हुए। श्री तिवारी 46 मतों से विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुंभकार तथा सचिन जाचक के बीच टक्कर थी। सचिन जाचक को 181 तथा अजय कुंभकार को 156 मत प्राप्त हुए। श्री जाचक 25 मतों से विजय हुए। सहसचिव पद के लिए त्रिकोणीय संघर्ष हुआ, जिसमें तल्लीनपुरी गोस्वामी को 159, कमलेश साहू को 93 तथा योगेश गोलछा को 86 मत प्राप्त हुए। तल्लीनपुरी गोस्वामी ने 66 मतों से जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद के लिए भी त्रिकोणीय संघर्ष रहा। संजय शुक्ला 172, नरोत्तम सिन्हा 101, कामतानाथ सिन्हा को 66 मत प्राप्त हुए। संजय शुक्ला 71 मतों से जीत दर्ज कर कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए परमानंद अग्रवाल और पीयूष देवांगन के बीच सीधा मुकाबला रहा। पीयूष देवांगन ने रिकार्ड 228 मत प्राप्त किए। परमानंद अग्रवाल को 112 मत प्राप्त हुए। श्री देवांगन ने 116 मतों से जीत दर्ज की है।

चुनाव अधिकारी अजीत साहू, अशोक बुधवानी, मोहित देवांगन, यशवंत कौशिक, अजय सोनवानी, गोपी कुर्रे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव में 355 मतदाताओं में से 340 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सचिव पद के लिए भीखमलाल सिन्हा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। चुनाव के दौरान न्यायालय परिसर के बाहर पार्किंग स्थल के पास प्रत्याशियों ने अलग-अलग टेबल लगाए थे। न्यायालय परिसर में वकील अलग-अलग ग्रुप में नजर आए। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई ।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रविवार की रात्रि पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम कुलिया के तालाब के पास एक युवक घायल पड़ा था जिसे उपचार के लिये गुरूर अस्पताल भेजा गया। गंभीर हालत के चलते घायल को धमतरी रिफर कर दिया गया। देर रात्रि घायल युवक को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया जहां कुछ देर बाद घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। शव को मर्रच्यूरी शिफ्ट कर चौकी पुलिस शव शिनाख्ति में जुट गई।



दोपहर को युवक की पहचान शांति नगर गुरूर निवासी संतोष कोर्राम पिता फूलसिंग उम्र 32 वर्ष के रूप में की गई। परिजनों के जिला अस्पताल पहुंचने पर शव की पहचान कराकर चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया गया है कि रविवार की रात्रि कुलिया तालाब के पास मुख्य मार्ग में अज्ञात वाहन युवक को ठोकर मार फरार हो गया। घटना के बाद युवक गंभीर हालत में पड़ा था।

# आज से खरमास, मांगलिक कार्यों पर रहेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आज से खरमास शुरू हो रहा है। इससे पहले 12 दिसंबर से शुक्र अस्त हो गया है। इन दोनों कारणों से शुभ कार्यों पर ब्रेक लग गया है। खरमास 30 दिन का है। 1 फरवरी को शुक्र उदय होगा, जिसके बाद शुभकार्य हो सकेंगे।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने पर खरमास की शुरुआत हो जाती है। पंडित युवराज शिवकुमार वत्स ने बताया कि खरमास की अवधि 30 दिनों की है। इस दौरान मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। उन्होंने बताया कि वृश्चिक राशि से निकलकर सूर्यदेव 16 दिसंबर को धनु राशि में प्रवेश करेंगे और इसी के साथ खरमास की शुरुआत भी होगी। 12 दिसंबर से शुक्र ग्रह अस्त हो चुका है और 52 दिनों तक अस्त रहेगा। 1 फरवरी 2026 के बाद शुक्र का उदय होगा। पंडित वत्स ने बताया कि सूर्यदेव एक राशि में लगभग 30 दिन रहते हैं। सूर्यदेव किसी राशि में प्रवेश करते हैं, तो उस दिन सूर्यदेव की संक्रांति होती है। 14 जनवरी 2026 को मकर राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इस दिन मकर संक्रांति होगी।

### पूजा का विशेष महत्व

पंडित वत्स ने बताया कि भगवान सूर्य के तेज कम होने और देवगुरु बृहस्पति की शुभता का प्रभाव कम होने के कारण ही खरमास में विवाह, सगाई, यज्ञोपवित, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे शुभ-मांगलिक कार्य नहीं कराए जाते हैं। खरमास के समय भगवान विष्णु व भगवान शंकर की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। खरमास में दान-पुण्य जरूर करना चाहिए। इससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

# बेंद्रानवागांव में मिला जहरीला रसेल वाइपर

**सर्पमित्र सूर्यकांत ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा**

**धमतरी।** ब्रेंद्रानवागांव में बेहद जहरीला सांप रसेल वाइपर मिला। लोगों ने इस सांप को अजगर का बच्चा समझ लिया था। राहत की बात है कि किसी ने इस सांप को पकड़ने की कोशिश नहीं की। सर्पमित्र सूर्यकांत साहू ने रेस्क्यू कर सांप को पर्यावरण में सुरक्षित छोड़ा।

रुद्री थाना क्षेत्र के बेन्द्रानवागांव में एक ग्रामीण के घर के पीछे बाड़ी में जलाऊ लकड़ी के अंदर एक अजगर जैसा दिखने वाला सांप मिला, जो काफी मोटा था। पहली नजर में लोगों ने इस सांप को अजगर का बच्चा समझ लिया। लोगों ने इसकी सूचना सर्पमित्र सूर्यकांत साहू को दी। सर्पमित्र ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन कर सांप को पकड़ा और जंगल में छोड़ दिया। सर्पमित्र ने बताया कि यह सांप अजगर नहीं बल्कि रसेल वाइपर है जो भारत के सबसे जहरीलों सांपों में से एक है। रसेल वाइपर को दुनिया के खतरनाक सांपों में गिना जाता है और यह भारत में भी पाया जाता है। इसका जहर इतना खतरनाक होता है कि सर्पदंश के कुछ देर में ही व्यक्ति के खून में थक्का बनना शुरू हो जाता है। मल्टीपल ऑर्गन फेल हो जाता है। रसेल वाइपर ऐसा सांप है जो अंडे नहीं देता बल्कि सीधे बच्चों को जन्म देता है।





## खबर संक्षेप

### जीजामगांव में शिव महापुराण कथा शुरू

**जीजामगांव।** शिवशक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव के



बाजार चौक में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 15 से 22 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम हैं। प्रथम दिन 15 जनवरी को देव स्थापना हुई। 16 जनवरी को शिव कथा प्रारम्भ, 17 जनवरी को शिवतत्व महत्तम, 18 को नन्दी जन्म कथा, 19 को शिव पार्वती विवाह, 20 को कार्तिक जन्म, 21 को गणेश जन्म एवं 22 जनवरी शिव गीता हवन होगा। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह पार्थिव शिवलिंग पूजा होगी। तैयारी में शिवशक्ति सेवा समिति तथा ग्रामीण जुटे हैं।

### छग पेंशनरों का महासम्मेलन 17 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 24 वां प्रांतीय पेंशनर्स डे (स्थापना दिवस) महासम्मेलन 17 दिसंबर को बलौदाबाजार के जिला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर करेंगे। संघ के महासचिव अरुण कुमार गौर ने बताया कि इस आयोजन में 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनरों का विशेष सम्मान किया जाएगा।जिला संघ अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा एवं संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बलौदाबाजार पहुंचेगा। दल में कृष्णाराम साहू, राजकुमार मिश्रा, होलाराम परिहा, अरुण गौर, हनुमान सिंह वर्मा, सेवकराम नेले, नारदराम साहू, रामचंद्र हरसानी, राजाराम साहू, किरणसाहेब ठाकुर, राम साहू, कृष्णकुमार देवांगन, भारत साहू, भीखम लाल साहू, संजय गायकवाड़, मोतीलाल फूटान, नेगूराम साहू एवं ओमप्रकाश सिन्हा शामिल रहेंगे।

## निधन

### रामू निर्मलकर

**धमतरी।** ग्राम कलारतराई निवासी



रामू निर्मलकर 78 वर्ष का 14 दिसम्बर रविवार को निधन हो गया। वे यशवंत, हरपालसिंग, गोविंदा, नंदकिशोर निर्मलकर के पिता थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजजन शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भरतराम साहू

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा निवासी भरत राम साहू ग्राम पटेला उम्र 56 वर्ष



का आकस्मिक निधन 12 दिसंबर शुक्रवार को हो गया। वे रामचरण साहू के पुत्र और खेमराज, सचिन साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

प्रमुख स्थानों में 50 से अधिक उच्च गुणवत्ता के आईपी कैमरे लगे

# हाईटेक कैमरे से होगी अब कुरुद की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कुरूद नगर पालिका द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रथम चरण में नगर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में 50 से अधिक उच्च गुणवत्ता के आईपी कैमरे लगाए गए हैं। नगर का प्रमुख क्षेत्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा। इससे पुलिस प्रशासन को आपराधिक घटनाओं पर नज़र रखने में मदद मिल सकती है।



नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने बताया कि अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से 5 लाख रुपये की लागत से बस स्टैंड, कारगिल चौक, तहसील चौक, नया बाजार, पुराना बाजार, पुराना बस स्टैंड, चंडी मंदिर परिसर, केनाल रोड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं शौचालय भवनों के बाहर कैमरे स्थापित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नगर के व्यापारी वर्ग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लंबे समय से नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की जा रही थी। इस बहुप्रतीक्षित मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका की पीआईसी बैठक में निर्णय लेकर प्रथम चरण में यह व्यवस्था लागू की गई।

### नगर की सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने नगरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में कुरूद नगर लगातार विकास की ओर अग्रसर है। मूलभूत सुविधाओं की श्रृंखला में सीसीटीवी निगरानी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए इसे नगर की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

# नस्ल सुधार से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया ग्राम पुरी एवं कन्हारपुरी गौधाम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के ग्राम पुरी एवं कन्हारपुरी स्थित गौधामों का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने गौवंश संरक्षण, नस्ल सुधार तथा दुग्ध उत्पादन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं गौधाम प्रबंधन से चर्चा की।



कलेक्टर ने गौधामों में रखे गए पशुओं की नस्ल, स्वास्थ्य स्थिति, चारा प्रबंधन एवं नियमित देखरेख के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत नस्लों के संरक्षण तथा स्थानीय नस्लों की उत्पादक क्षमता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों से नस्ल सुधार कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है, जिससे पशुपालकों की आय में निरंतर सुधार संभव है।

कलेक्टर ने दुग्ध उत्पादन की वर्तमान स्थिति, दूध संग्रहण एवं समितियों के माध्यम से दूध विक्रय की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने पशुपालकों को पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं, टीकाकरण कार्यक्रमों तथा पशु स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के निर्देश दिए। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. डीके मरकाम ने की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

कलेक्टर ने गौधामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर से जैविक खाद, एवं अन्य गौ-आधारित उत्पादों के निर्माण को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे न केवल गौधामों की आय बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक खेती को भी बल मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा गौधामों को आदर्श मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

### राजपुर में मड़ई मेला 5 जनवरी को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा मरोदा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, सोमनाथ यादव, उमेश सिन्हा ने दी है।

### बेलौदी में मड़ई 20 को

**मगरलोड।** ग्राम बेलौदी में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास जयंती पर इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में शिवगंगा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम होगा।

## पचपेड़ी में शिक्षक-छात्र स्नेह सम्मेलन 10 जनवरी को



■ आयोजन की रूपरेखा तैयार करने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में 10 जनवरी को शिक्षक-छात्र स्नेह सम्मेलन आयोजन किया गया है। आयोजन के संबंध में शनिवार को बैठक हुई जिसमें लगभग 40 पूर्व छात्र शामिल हुए।

सन 1991 में पचपेड़ी में हाईस्कूल की स्थापना की गई। 1995 में इस स्कूल का उन्नयन हायर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा दिया गया। संस्था अपने 35 वर्षों के गौरवमयी इतिहास को समेटे हुई है जिसे इस सम्मेलन के माध्यम से याद करने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में पूर्व छात्र युगलकिशोर सिन्हा, हृदयराम सिन्हा, नरेश साहू, चंद्रशेखर साहू, सीताराम साहू, भूपेंद्र कुमार, योगेश साहू, तिवारी मैडम, जयनारायण सोनवानी, द्रोण सिन्हा, रोमन रात्रे समेत शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश गजपाल, सरपंच विनय साहू, उपसरपंच राकेश पटेल के अलावा पंचगण एवं संस्था के शिक्षक उपस्थित थे।

ग्राम सोरम में डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल का एनएसएस शिविर आयोजित

## रासेयो छात्रों ने सोख्ता गड्ढा का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सोरम में लगा। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरपंच श्यामसुंदर सिंह, उपसरपंच नरेंद्र साहू, ग्राम पटेल जगन्नाथ साहू, बेलतरा के ग्राम पटेल वीरेंद्र सिंह , प्राचार्य श्रीमती पूनम पांडे ने किया।

स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य अंतर्गत सोख्ता गड्ढा निर्माण, पौधरोपण, नाली सफाई की। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। बौद्धिक चर्चा में आयुष चिकित्सा अधिकारी योगेश नेताम, सहायक प्राध्यापक डॉ. सरला



द्विवेदी मनोविज्ञान, डीएसपी मीना साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी जेआर साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम एमके साहू, डॉ. प्रदीप शर्मा उपस्थित हुए। एनएसएस वालंटियर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस पौधरोपण किया गया। मौके पर प्राचार्य श्रीमती पूनम पांडे, शिक्षकगण डीपी कोसरे, रंजना साहू, ललिता वाहिले, आलोक मत्स्यपाल, भारती ठाकुर, ज्योति सोनकर, तुकाराम ध्रुव, परमानंद साहू, दिनेश सोनकर, आरती शिंदे, साधना साहू, मोहेंद्र साहू, हरीशंकर साहू, नेहा वर्मा, चंद्रावती साहू, खोमेश्वरी सिन्हा उपस्थित थे। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी हरिश भूआर्य ने दी।

संबलपुर-पुरी मोड़ के पास हुई घटना

## पिकअप से टकराकर बाइक डिवाइडर से भिड़ी, युवक घायल

**धमतरी।** सामने जा रही पिकअप के अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रही बाइक पिकअप से टकराकर हाईवे में डिवाइडर से जा भिड़ी। इस घटना में बाइक चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड निवासी रूपेश पंसारी उम्र 41 वर्ष रविवार को अपनी बाइक से सामान खरीदने धमतरी आया था। शहर से सामान की खरीदी करने के बाद युवक बाइक चलाते नेशनल हाईवे से होते हुए वापस मगरलोड जा रहा था। इसी दौरान ग्राम संबलपुर-पुरी मोड़ के पास सामने जा रही पिकअप के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पिकअप के अचानक रूक जाने से पीछे आ रहा बाइक चालक अपने वाहन को नियंत्रित नहीं रख सका। बाइक सीधे पिकअप से टकरा गई। पिकअप के टकराने के बाद बाइक हाईवे के डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर वरदान परामर्श सेवा समिति की टीम तत्काल



मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### नारी परिवार का केंद्र बिंदु है : चेतना

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में नारियों पर आधारित सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती श्यामा साहू, मुख्य वक्ता श्रीमती शोभा दुबे, श्रीमती चेतना रणसिंह, प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू थीं। अध्यक्षता श्रीमती प्रियंका सिन्हा ने की। मौके पर समिति की सदस्य सुश्री एकता सिंह भी उपस्थित थीं। मुख्य वक्ता श्रीमती शोभा दुबे ने कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में बताया कि वर्तमान में परिवार बिखरता जा रहा है। यह चिंता का विषय हैं। पाश्चात्य संस्कृति भारतीय संस्कृति पर हावी हो रही है। हमारे परिवारों में संवाद प्रवाह की कमी हो चुकी है। विद्यालय की ओर से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया।

# सलोनी की महिला कमांडो से शराब माफियाओं में खौफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

कुकरेल तहसील के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत सलोनी में नशे और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया है। गांव में अमन-शांति कायम करने और शराब माफियाओं के भय को खत्म करने के लिए महिलाएं पुरुषों की जगह हाथों में डंडा लेकर रोज गश्त कर रही हैं। इसके चलते जंगल में शराबखोरी करने वाले माफिया, गांव की गलियों और चौक-चौराहों में शेखी बघारने वाले बेवड़े अब नजर नहीं आ रहे हैं।



ग्राम की शिक्षित पोस्ट ग्रेजुएट सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव की पहल को उपसरपंच देवानंद साहू सहित वार्ड पंच ओमप्रकाश मानिकपुरी, ईश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा दीवान, सोनिया ध्रुव, ममता साहू, तारिणी ध्रुव, मुनेश्वरी ध्रुव, वेदवती ध्रुव, लक्ष्मी नागेश, सिया देवी साहू, पीतांबर ध्रुव, केसर साहू, विष्णु दीवान, भूखेन्द्र ध्रुव व डगेन्द्र ध्रुव का पूरा समर्थन मिल रहा है।

ग्रामीण अध्यक्ष दानीराम नागेश के नेतृत्व में महिला-पुरुषों की लगातार बैठकें हो रही हैं। पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग के सहयोग से गांव का माहौल शांत हुआ है। आगे की रणनीति के लिए शीघ्र ही जिला पुलिस कप्तान से मिलने की तैयारी है।

## अंचल की खबरें

### छात्रों को कॉपी, पेन के साथ मिठाई भी बांटी



**जीजामगांव।** योगेश साहू ने अपने 24वें जन्मदिन के मौके पर प्राथमिक शाला कोंडापार और माध्यमिक शाला के छात्रों को कॉपी, पेन, पेंसिल, मिठाई भेंट की। इस अवसर पर चुनुराम साहू, दशरथ साहू, पूरनलाल, ताम्रध्वज, चंद्रशेखर साहू समेत स्कूल स्टाफ मौजूद था। इस अवसर पर योगेश ने कहा कि मैंने भी इसी शाला से पढ़ाई की है। आज मैं अपनी खुशी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के बीच बांटी।

### गोरेगांव स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देखा जंगल सफारी



**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव के छात्र-छात्राओं ने जंगल सफारी जू चिड़ियाघर, आदिवासी संग्रहालय, शहीद वीरनारायण सिंह की स्टैचू, संग्रहालय, आदिवासी कल्चर पुरखौती मुक्तांगन, हवाई अड्डा का शैक्षणिक भ्रमण किया। जंगल सफारी में जंगली जानवर चीता, भालू, बारहसिंगा, नीलगाय, लोमड़ी, सफेद बाघ, काला हिरण, चिंकारा, सांभर, लकड़बग्घा को देखकर बच्चे काफी रोमांचित हुए। कौशल प्रसाद प्रधानपाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव के निर्देशन में छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। दल में शिक्षक राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम, प्रबंधन समिति के सदस्य देवकी बंजारे, किरण बनपेला, तुलसी साहू, ईश्वरी ऐल्मा, गंगा यादव, ऋषिकेश साहू सफाईकर्मी व रसोइये शामिल रहे। प्रधानपाठक केपी साहू ने आभार व्यक्त किया।

### अग्निवीर हानेश का समाजजनों ने किया सम्मान



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड निवासी हानेश कुमार पिता खूबलाल साहू का आर्मी (अग्निवीर) में चयन हुआ है। ट्रेनिंग बैंगलोर कर्नाटक में प्राप्त की और पोस्टिंग सिकराबाद तेलंगाना में है। हानेश कुमार साहू को ग्रामीण साहू समाज मगरलोड ने श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष बीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष पंचराम साहू, कोषाध्यक्ष देवेंद्र साहू, संरक्षक व्हीएल साहू, कोमल सिंह साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मारी बाजी

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की छात्राओं मानसी यादव, फाल्गुनी शिंदे, भूमिका, लीना, लक्ष्मी, चांदनी, काजल, कोमेश्वरी, गुंजा



साहू ने जिला स्तरीय युवा उत्सव में आयोजित एकांकी नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्राओं के मार्गदर्शक सोमनाथ साहू, गुलशन ध्रुव, वैभव रणसिंह, रोली सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी व दानेश्वर साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य रहे। प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय की छात्राओं की अभिनय कला, रचनात्मकता, अनुशासन एवं सतत परश्रिम का परिणाम है तथा अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जयप्रकाश शांडिल्य उम्र-58, पुत्र श्री भावेश कुमार जाति-हल्बा, निवासी-भीतररास, वार्ड नं.-11 तह.-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) में निवास करता हूँ। मेरे पुत्र के सर्विस बुक में भावेश कुमार पिता जयप्रकाश दर्ज है। जो कि गलत है। मेरा नाम, बैंक खाता, आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड एवं अन्य सिविल दस्तावेजों में सरनेम सहित नाम जयप्रकाश शांडिल्य दर्ज है। इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में नाम भावेश कुमार पिता जयप्रकाश शांडिल्य दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता
जयप्रकाश शांडिल्य

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अभिलाषा शांडिल्य उम्र 50, पुत्र श्री भावेश कुमार जाति-हल्बा, निवासी-भीतररास, वार्ड नं.-11 तह.-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) में निवास करता हूँ। मेरे पुत्र के सर्विस बुक में भावेश कुमार माता अभिलाषा दर्ज है। जो कि गलत है। मेरा नाम, बैंक खाता, आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड एवं अन्य सिविल दस्तावेजों में सरनेम सहित नाम अभिलाषा शांडिल्य दर्ज है। इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाता है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में नाम भावेश कुमार माता अभिलाषा शांडिल्य दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता
अभिलाषा शांडिल्य

**समक्ष :- श्रीमान नोटरी महोदय कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**

कामदेव साहू पिता रेखराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम - कुल्हाड़ी तह. कुरूद जिला-धमतरी ... शपथकर्ता

**:: शपथ पत्र ::**

शपथकर्ता नीचे लिखे अनुसार हलफन ब्यान करता हूं कि :-

1. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा नाम पता ऊपर दिए अनुसार सही है।
2. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में वेदकुमारी लिखा गया है तथा पास बुक में काजल लिखा गया है।
3. मै शपथपूर्वक कथन करता हूं कि काजल एवं वेदकुमारी दोनों नाम मेरी पुत्री का ही है तथा मेरी पुत्री को दोनों नाम से जानते हैं।
4. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि वेदकुमारी एवं काजल दो नाम मेरी पुत्री के होने के संबंध में शपथ पत्र आपके समक्ष पेश है। आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेज में वेदकुमारी लिखा गया है दो नाम मेरी पुत्री के होने के संबंध में शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
कामदेव साहू

सत्यापन:-

मेरे शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक की बाते स्वयं की जानकारी द्वारा सही है एवं सही पाकर अपना हस्ताक्षर कर दिया हूं।

सत्यापनकर्ता
कामदेव साहू






विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### कुकरेल में 5 जनवरी को मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम कुकरेल में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए ज्ञान के पूजा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत नाचा पार्टी ग्राम मुरमाड़ी पोस्ट ककोड़ी जिला गोंदिया महाराष्ट्र का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख शंकरलाल सेन, श्यामलाल कोर्राम, थानुराम पटेल, देवचरण सिन्हा, गिरधारी सिन्हा, प्रवीण साहू ने दी है।

### पेंशनर स्थापना दिवस समारोह 17 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसो. छग जिला शाखा के तत्वावधान में 17 दिसंबर को प्रातः 11 बजे हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा धमतरी में जिला स्तरीय पेंशनर स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि ओंकार साहू विधायक, अरूण सार्वा जिपं अध्यक्ष, जगदीश रामू रोहरा महापौर, अबिनाश मिश्रा कलेक्टर, सूरजसिंह परिहार पुलिस अधीक्षक, मुरली मनोहर शर्मा प्रांतीय संरक्षक एवं यशवंत देवान प्रांतीय अध्यक्ष पेंशनर्स एसो. छग होंगे। अध्यक्षता वीरेंद्र नाग जिलाध्यक्ष करेंगे। इस दौरान 80 वर्ष एवं 90 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स एवं नए सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री नाग एवं मोतीलाल हिरवानी सचिव ने जिले के पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

### जनजातीय गौरव माह अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आज

**दुर्गुकोंदल।** जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत कंगलूकुम्हार शासकीय महाविद्यालय में आज 16 दिसंबर मंगलवार को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज के समृद्ध इतिहास, संस्कृति एवं सामाजिक योगदान से विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराना रहा।

छग स्टेट फार्मेसी काउंसिल की एक दिवसीय कार्यशाला हुई

# फार्मासिस्टों के पंजीयन, रोजगार, स्वास्थ्य बीमा व तकनीकी उन्नयन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल रायपुर के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में किया गया। कार्यशाला में फार्मासिस्टों के पंजीयन, नवीनीकरण, रोजगार के अवसर, तकनीकी उन्नयन एवं स्वास्थ्य बीमा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुरदेकर, उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, सदस्य विजय परख, डॉ. चंचलदीप कौर, निकेश देवांगन, डॉ. आनंद महलवार, हितानंद अग्रवाल, रामानंद पटेल, मोहम्मद हाशिम खान एवं डॉ. विनोद वर्मा थे।

प्रमुख वक्ता अविनाश अग्रवाल संयुक्त सचिव एआईओसीडी, संजय राजपूत एडीसी धमतरी, चंद्रशेखर साहू प्राचार्य, मेनोनाइट फार्मेसी कॉलेज, डॉ. संदीप पटौंदा डायरेक्टर, डीसीएच, विनोद चंद्राकर उपाध्यक्ष, सीसीडीए, देवव्रत गौतम ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी सीसीडीए, अतुल जैन, अश्वनी ठाकुर, चंद्रकांत साहू, पवन साहू, भूपेश गुप्ता थे।

धमतरी मेडिकल संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने फार्मासिस्टों के हित को ध्यान में रखकर रोजगार, स्वास्थ्य बीमा तथा फार्मासिस्ट पंजीयन को पूर्व की भांति लाइफटाइम करने की मांग रखी।

अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने फार्मासिस्ट पंजीयन एवं रिन्यूअल की ऑनलाइन प्रक्रिया, काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी दी। रायपुर को फार्मास्यूटिकल हब के रूप में विकसित करने की योजना तथा स्वास्थ्य बीमा योजना पर विचाराधीन होने की जानकारी दी। रजिस्ट्रार अश्वनी गुरदेकर ने फार्मासिस्टों को नई तकनीकी जानकारी देने के लिए नियमित कार्यशाला के आयोजन और डिप्लोमा फार्मासिस्टों को बी-फार्मा एवं एम-फार्मा जैसे उच्च पाठ्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया।

उपाध्यक्ष राहुल तिवारी एवं मुख्य वक्ता अविनाश अग्रवाल ने फार्मासिस्टों को समय-समय पर स्वयं को अपग्रेड करने और नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया।

मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. उत्तम कौशिक ने इसे धमतरी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि फार्मासिस्ट और जिला चिकित्सालय एक-दूसरे के पूरक हैं। एडीसी संजय राजपूत ने ड्रग्स के उचित संधारण तथा जीवनरक्षक व नारकोटिक दवाओं की बिक्री नियमों के अनुसार करने की जानकारी दी। चंद्रशेखर साहू ने केमिकल, डोज, अंडरडोज व ओवरडोज के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिले एवं विभिन्न जोन से आए केमिस्ट, फार्मासिस्ट एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हितग्राहियों ने लिया बांसशिल्प का प्रशिक्षण

**सांकरा।** ग्राम आमगांव में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित सहायक निदेशक हस्तशिल्प के मार्गदर्शन में केन एवं बॉस शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 30 आदिवासी शिल्पी हितग्राहियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर नेशनल अवॉर्डी श्रीवास मलिक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन संस्था नगरी प्रगति तकनीकी सेवा संस्थान धमतरी द्वारा किया गया। संस्था के संचालक रोशन कुमार साहू ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद हितग्राहियों द्वारा हस्तनिर्मित सामान को विक्रय करने के लिए भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा समय-समय पर शिल्प मेला आयोजित करती है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# तेंदुए ने किया गाय, बछड़े का शिकार

- ठेन्ही व सोंढूर क्षेत्र की घटना ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

एक तेंदुए ने गांव ठेन्ही में दो पालतू पशुओं को अपना शिकार बना लिया, वहीं सोंढूर क्षेत्र में भी गांव के समीप बैठे पशुओं को उठाकर ले जाने की घटना सामने आ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व ग्राम ठेन्ही में उदयलाल नागेश के बछड़े को तेंदुए ने सामुदायिक भवन के पास स्थित घर के समीप रात्रि के समय मौत के घाट उतार दिया। छतर सिंह यादव की गाय को गांव से कुछ दूरी पर जंगल क्षेत्र में मार गिराया गया। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई।



ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ घरों के आसपास तक आ रहा है और गाय, बैल सहित अन्य पालतू पशुओं को निशाना बना रहा है। सोंढूर के खेतों में तेंदुए के स्पष्ट पदचिन्ह देखे गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ पशुओं को खींचते हुए ले गया है, जिसके निशान अब भी दिखाई दे रहे हैं। इन घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है।

लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने से भी कतरा रहे हैं। ग्रामीण प्रकाश यादव ने बताया कि पूर्व में भी तेंदुआ उनके बछड़े को उठा ले गया था, जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं मिला है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, तेंदुए की गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा पीड़ित पशुपालकों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।


# आंगन से लापता बालक की जंगल में मिली लाश

- सीतानदी अभ्यारण के रिसगांव परिक्षेत्र के गाताबाहरा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम गाताबाहरा में शाम को अपने दोस्तों के साथ खेल रहे एक बालक के लापता होने के बाद रात्रि को उसकी लाश जंगल क्षेत्र में मिलने से शोक और भय का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम लगभग 6 बजे देवेश कुमार मरकाम पिता रोशन मरकाम घर के आंगन से अचानक लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने आसपास के जंगलों में तलाश शुरू की, जहां बालक का शव मिला।



घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के डीएफओ सहित विभागीय टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सोमवार को वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में जिले के सैकड़ों कांग्रेसी हुए शामिल





- पीएम बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी रुपयों के गिरते साख पर जवाब नहीं देना चाहते : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिल्ली के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विशाल वोट-चोर गद्दी-छोड़ महारैली में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तरिणी चंद्राकर जिले के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुईं। वोट चोरी और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

महारैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित शीर्ष नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि हमारे जननेता राहुल गांधी लगातार देश के सामने भारतीय जनता पार्टी एवं चुनाव आयोग द्वारा की जा रही वोट चोरी को सामने ला रहे हैं। एसआईआर के नाम पर बिहार में लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटा गया।

प्रदेश सहित जिले में भी एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। हमारे बूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार इस पर मॉनिटरिंग की जा रही है लेकिन मतदाता सूची प्रकाशन के बाद ही पता चल पायेगा कि छत्तीसगढ़ में बिहार की कहानी दोहराई गई या नहीं।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, रुपयों के गिरते साख पर जवाब नहीं देना चाहते। प्रधानमंत्री देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ कर अपनी लकीरें मजबूत नहीं कर पाएंगे।

प्रधानमंत्री द्वारा लगातार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को जेल में डालने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, डीहूराम साहू, राजेंद्र साहू, शारदा साहू, राजकुमारी दीवान, नरेंद्र सोनवानी, मनोज साक्षी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक सूचना बोर्ड से टकराई, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

- अमलीडीह तालाब मोड़ के पास हुई घटना

ग्राम अमलीडीह तालाब के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। थाना से मिली जानकारी अनुसार 14 दिसम्बर को ग्राम डूमरपाली निवासी तुलाराम निषाद पिता स्व. लखन निषाद उम्र 55 वर्ष और भुनेश्वर पटेल पिता सेवाराम पटेल उम्र 48 वर्ष मोटरसाइकिल में किसी काम से मगरलोड आए थे। वापस घर जाते वक्त शाम 7.35 बजे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर अमलीडीह तालाब मोड़ के पास लगे दिशा सूचना बोर्ड से टकरा गई।



टकराने से तुलाराम निषाद एवं भुवनेश्वर पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को शासकीय वाहन 108 से इलाज हेतु शासकीय अस्पताल मगरलोड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान दोनों को मृत घोषित कर दिया। 15 दिसम्बर को पुलिस ने मर्ग, पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत से गांव में शोक की लहर है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि